सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर–272202
उ0प्र0(भारत)Email Id: registrarsidduniv@gmail.com

पत्रांक–1598 / शो0अनु0 / सि0वि0वि0 / 2025 दिनांक–27 / 01 / 2025

अधिसूचना

एतद्द्वारा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु द्वारा आयोजित शोध पात्रता परीक्षा 2023–24 के दिनांक 24.01.2025 को घोषित परिणाम के सन्दर्भ में पुनः अधिसूचित किया जाता है कि शिक्षाशास्त्र एवं शिक्षक शिक्षा विषय के चयनित अभ्यर्थियों की प्रवेश–प्रक्रिया को आगे बढ़ाने हेतु दिनांक 04 एवं 05 फरवरी, 2025 को उनकी काउन्सलिंग विश्वविद्यालय परिसर में कला संकाय में होनी है। अतः समस्त अभ्यर्थियों को उक्त कार्यदिवसों में से अपनी सुविधानुसार किसी एक दिन विश्वविद्यालय के कला संकाय में उपस्थित होना अनिवार्य है। जो अभ्यर्थी उक्त तिथियों में उपस्थित होकर निर्धारित प्रक्रिया को पूर्ण नहीं करेंगे, उनके सम्बन्ध में यह माना जायेगा कि वे सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में पी–एच0डी0 हेतु प्रवेश के लिये इच्छुक नहीं हैं। अतः उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा और उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान कर दिया जायेगा।

इस संदर्भ में अभ्यर्थियों को निम्नलिखित हेतु निर्देशित किया जाता है–

1. अभ्यर्थियो के अपने समस्त आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी स्वप्रमाणित छाया प्रतियों तथा दो रंगीन छाया चित्रों के साथ विभागीय शोध समिति के समक्ष काउन्सलिंग हेतु उपस्थित होना होगा।
2. विभागीय शोध समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये समस्त प्रपत्रों को सावधानी पूर्वक भरकर जमा करना होगा।
3. काउन्सलिंग के पश्चात् शोधार्थियों को उसी दिन शोध–निर्देशकों का आवंटन किया जायेगा तथा सहमति पत्र का प्रारूप उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे पूरित करवाकर उन्हें सम्बन्धित निर्देशक द्वारा हस्ताक्षरित तथा अधिष्ठाता / प्राचार्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कराकर विश्वविद्यालय में निर्धारित तिथियों के भीतर ही जमा करना होगा। तत्पश्चात् उन्हें शुल्क जमा करने की अनुमति दी जायेगी।
4. सेवारत अभ्यर्थियों का कोर्सवर्क हेतु 6 माह का अवकाश प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। उक्त आधार पर ही उन्हें शुल्क जमा करने की अनुमति दी जायेगी।
5. विभागीय शोध समिति के अध्यक्ष द्वारा अनुमति मिलने के पश्चात् अभ्यर्थी को निर्धारित प्रवेश शुल्क (कोर्सवर्क फीस) ऑनलाइन जमा करना होगा।

27.01.25

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक– / तद्दिनांकित

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त संकायाध्यक्ष, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. अध्यक्ष, विभागीय शोध समिति शिक्षाशास्त्र एवं शिक्षक–शिक्षा, सि0वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समन्वयक, शोध पात्रता परीक्षा 2023–24, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. कुलानुशासक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. निजी सचिव, मा0 कुलपति जी को अवलोकनार्थ प्रेषित।
6. वैयक्तिक सहा0, कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थ नगर।
7. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी को सूचनार्थ।
8. प्रभारी कोडिग सेल, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थ नगर।
9. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षण हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।